



# धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट भट्टे

## सांची विकासखंड के भरतीपुर मादा में बाल मजदूरी और अवैध उत्खनन पर प्रशासन मौन



**सलामतपुर, 13 जनवरी. रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत भरतीपुर मादा क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों का काला कारोबार बेखौफ चल रहा है. हालात ऐसे हैं कि शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. कानून, नियम और बच्चों के भविष्य तीनों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है.**

क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्टों पर स्कूल जाने की उम्र के मासूम बच्चे ईंट ढोते और मजदूरी करते साफ नजर आ रहे हैं. एक तरफ सरकार बाल अधिकार संरक्षण, शिक्षा का अधिकार और बेटा-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर भरतीपुर मादा में बाल मजदूरी धड़ल्ले से जारी है.

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन अवैध ईंट भट्टों की जानकारी स्थानीय पटवारी, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ऐसे में सवाल उठता है कि यह प्रशासनिक लापरवाही है या फिर किसी प्रकार की मिलीभगत?

सूत्रों के मुताबिक, इन ईंट भट्टों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन किया जा रहा है. कई भट्टे नदी-नालों के किनारे पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है. शासन की अनुमति, खनिज नियम और पर्यावरणीय मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध ईंट भट्टा संचालक राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर कार्रवाई से बच जाते हैं. यही वजह है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है.

> भरतीपुर मादा क्षेत्र में कई ईंट भट्टे बिना किसी वैधानिक अनुमति के संचालित हो रहे हैं, लेकिन न श्रम विभाग सक्रिय दिखाई दे रहा है, न खनिज विभाग और न ही राजस्व प्रशासन. सवाल यह भी है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना या हादसे का इंतजार कर रहा है? अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन नींद से जागेगा, या फिर मासूम बच्चों का भविष्य ईंटों के ढेर तले यूं ही दबता रहेगा? स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि कानून का भय बने और अवैध ईंट भट्टों व बाल मजदूरी पर प्रभावी रोक लग सके. फिलहाल प्रशासनिक चुप्पी सरकार के दावों की पोल खोलती नजर आ रही है.

### मां नर्मदा तट बौरास तक 25वीं पदयात्रा आज

**सिलवानी.** 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना के साथ नगर से एक बार फिर आस्था, श्रद्धा और संकल्प की 25वीं मां नर्मदा तट बौरास पदयात्रा आयोजित की जा रही है. मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी को यह यात्रा प्रातः मां विजयासन मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ होगी. पदयात्री लगभग 38 किलोमीटर की दूरी तय कर बौरास पहुंचेंगे, जहां मां नर्मदा की पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाएगा. यह पदयात्रा वर्ष 2000 से निरंतर आयोजित की जा रही है. प्रारंभ में यह व्यक्तिगत संकल्प थी, लेकिन अब इसमें नगरवासियों, युवाओं और श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता रहती है. यात्रा मार्ग में 'नर्मदा मैया की जय' के जयघोष और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय रहेगा. पदयात्री एवं समाजसेवी मुकेश राय ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, सेवा भावना और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बन चुकी है. नगरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में युवा, श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता इसमें शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे.



# छात्रों को वितरित किए कपड़े के थैले

▶ **पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

**बेगमगंज, 13 जनवरी. नगर के सेंट थॉमस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मानवसेवा समिति के तत्वधान में पर्यावरण स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नगर के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और दानदाता उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में एसडीएम अंकित कुमार जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कपड़े से बने थैले पर्यावरण के लिए उपयोगी हैं. उन्होंने सिंगल यूज पॉलीथिन के उपयोग से बचने और बाजार में खरीदारी के लिए कपड़े का थैला लेने की सलाह दी. एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने भी बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की.

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नुक्कड़ नाटक और सस्कृति कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. स्कूल के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क कपड़े के थैले वितरित किए गए. पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित भाषण और निबंध प्रतियोगिता में विजेताओं को मानवसेवा समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए. समिति ने थैला निर्माण में सहयोग करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, तहसीलदार प्रमोद उईके, थाना प्रभारी राजीव उईके सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोनी और संदीप गुप्ता ने किया.

## एक नजर में



### सांची विवि में यज्ञ एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**सलामतपुर.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर योग एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा प्रातःकालीन यज्ञ एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक तथा विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए. योग विभाग परिसर में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया. इसके पश्चात सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास कराया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया. योग एवं आयुर्वेद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने यज्ञ के वैज्ञानिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ चेतना विस्तार का विज्ञान है. यह केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक चेतना को जागृत करता है और समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है. यज्ञ विश्व कल्याण की भावना से किया जाता है. कार्यक्रम में अधिष्ठाता प्रो. नवीन कुमार मेहता, अधिष्ठाता डॉ. राहुल सिद्धार्थ, अधिष्ठाता डॉ. प्रभाकर पाण्डेय, डॉ. देवेन्द्र सिंह, उप कुलसचिव विवेक पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक डॉ. हरीश चंद्रवंशी सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय डीएमसीएई समिति का गठन

**रायसेन.** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति डीएमसीएई का गठन किया गया. समिति में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, जिला संयोजक नेहरू युवा केन्द्र, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र अधिकारी, जिज्ञासा समाज कल्याण समिति के प्रबंधक और महात्मा गांधी वृद्धाश्रम रायसेन के प्रबंधक सदस्य बनाए गए हैं. समिति का उद्देश्य दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाना और संबंधित सुझाव व सिफारिशें समय-समय पर प्रस्तुत करना है. इसके साथ ही जिले की चारों विधानसभाओं में विधानसभा स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं.



### सकल हिंदू सम्मेलन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न

**बम्होरी.** नगर बम्होरी में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ. सम्मेलन की शुरुआत मां नर्मदा मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ की गई. ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्तिमय धुनों पर निकली इस यात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सकल हिंदू समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए. कलश यात्रा में भारत माता की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही. झांसी की रानी के स्वरूप में घोड़े पर सवार झांकी ने लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत की. वहीं बालिकाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर की गई सहभागिता ने यात्रा को और अधिक गरिमामय बना दिया. बड़ी संख्या में महिलाएं भी श्रद्धा भाव से यात्रा में सम्मिलित रहीं. कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राम मंदिर के पीछे स्थित पंचमूर्ति हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई. कार्यक्रम स्थल पर सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के पूजन के साथ किया गया. मंच पर विभाग प्रचारक एवं मुख्य वक्ता सौरभ सिंह सहित नगर के विभिन्न समाजों के वरिष्ठजन उपस्थित रहे, जिनका तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया. मुख्य वक्ता सौरभ सिंह ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा दिए गए 'पंच परिवर्तन' के विचार को विस्तार से समझाया. उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. इसके अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों पर विशेष बल दिया गया. कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई और आभार प्रदर्शन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ.

# अमानक खाद्य सामग्री विक्रय पर 10 हजार रुपये का जुर्माना

**रायसेन, 13 जनवरी. अमानक स्तर की खाद्य सामग्री विक्रय करने के मामले में न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मनोज उपाध्याय ने मण्डीदीप स्थित एक डेयरी संचालक पर 10 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है.**

साथ ही संबंधित खाद्य कारोबार कर्ता को 15 दिवस के भीतर जुर्माने की राशि निर्धारित शासकीय मद में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं.

प्रकरण के अनुसार खाद्य कारोबारकर्ता केआर यादव, पुत्र मांगीलाल यादव, नामधारी डेयरी फूड्स, एमआईजी बी-137, इन्द्रा नगर, मण्डीदीप द्वारा अमानक खाद्य सामग्री का विक्रय किया जा रहा था. खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना आरसिया ने 16 फरवरी 2024 को नामधारी डेयरी मण्डीदीप का निरीक्षण किया था. निरीक्षण के दौरान विक्रय किए जा रहे देशी घी एवं लूज पनीर की गुणवत्ता पर संदेह होने के कारण विधि अनुसार दोनों खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए. प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट में देशी घी का नमूना मानक स्तर का पाया गया, जबकि लूज पनीर का नमूना अमानक घोषित किया गया. जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सुनवाई के पश्चात अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा संबंधित डेयरी संचालक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. प्रशासन ने खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें.




# उन्नत कृषि के लिए किसान जागरूकता अभियान जारी

**बेगमगंज, 13 जनवरी. मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने के उपलक्ष्य में किसान जागरूकता अभियान प्रारंभ किया है. इसके तहत कृषि रथ 12 जनवरी से 10 फरवरी 2026 तक प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन तीन पंचायतों का भ्रमण कर किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दे रहा है.**

ग्राम बरखेड़ी, कोकलपुर, झिरिया, भुरेरू, कल्याणपुर और सुमेर में आयोजित कार्यक्रमों में जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, प्रधानमंत्री धनधान्य योजना और ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था जैसी जानकारियां दी गईं. साथ ही पराली प्रबंधन के बारे में भी किसानों को निर्देशित किया गया.

कलेक्टर जिला रायसेन के निर्देशानुसार प्रभारी एसडीएम अंकित जैन और तहसीलदार प्रमोद उईके के मार्गदर्शन में एसएडीओ डीके नायक ने किसानों को लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी.

> कार्यक्रम में एईओ केएल साहू, उद्यान, पशुपालन, राजस्व, वन, महिला बाल विकास, सहकारिता, जल संसाधन, आदिम जाति और लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे. किसान रथ अभियान के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों और सरकारी योजनाओं से जोड़कर कृषि क्षेत्र का विकास और उत्पादकता में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है.

# ओमप्रकाश साहू निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**सिलवानी, 13 जनवरी. मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के त्रिवार्षिक चुनाव मां बिजासन देवी मंदिर, सलकनपुर में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए. इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 1300 मतदाताओं में से 800 से अधिक सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.**



प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश साहू (निवासी अरेरा कॉलोनी, भोपाल) एकमात्र प्रत्याशी थे. संगठन के व्यापक समर्थन के चलते उन्हें निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया.

# बीकलपुर में सकल हिंदू सम्मेलन संपन्न, हिंदू एकता का संदेश

**सिलवानी, 13 जनवरी. बीकलपुर मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में सकल हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया. सम्मेलन में मंडल के सभी पाँच ग्रामों के नागरिकों, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों ने भाग लिया. कार्यक्रम के माध्यम से समाज ने हिंदू एकता और सामाजिक समरसता का सशक्त परिचय दिया. सभी समाज बंधु एक मंच पर एकत्रित होकर 'एक संगत, एक पंगत' की भावना को अपनाया.**



मुख्य वक्ता मध्य भारत प्रांत के पर्यावरण संयोजक शिवशंकर ने कहा कि संघ 44 देशों में कार्य कर रहा है और भारत में हिंदू समाज को संगठित रखने का कार्य निरंतर कर रहा है. उन्होंने छुआछूत को समाज की गंभीर बीमारी बताते हुए इसे समाप्त करने के लिए एकजुटता की आवश्यकता बताई. सम्मेलन में अशोक दास महाराज, कथावाचक प्रशांत दीक्षित, प्रभाकर व्यास, आयोजन समिति के संयोजक शैलेंद्र सिंह, सह-संयोजक रश्मि दुबे और काशीराम आदिवासी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मंचासीन रहे.

# बेगमगंज में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**बेगमगंज, 13 जनवरी. संचालकालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भोपाल के निर्देशन और जिला खेल अधिकारी रायसेन के आदेशानुसार विकासखंड बेगमगंज में प्रथम चरण का ब्लॉक स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स का चयन ट्रायल आयोजित किया गया. इस प्रतियोगिता में कबड्डी, फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, क्रिकेट, शतरंज एवं बॉक्सिंग सहित विभिन्न खेलों में बालक-बालिकाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया.**




प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट और थाना प्रभारी राजीव उईके ने खिलाड़ियों से मिलकर किया. चयन ट्रायल में खिलाड़ियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई और उन्हें भविष्य के जिला स्तरीय खेलों के लिए तैयार किया गया.

प्रतियोगिता का आयोजन पीटीआई विक्रम ठाकुर, राहुल कुशवाहा (बॉक्सिंग कोच), फहीम अली, संस्कार तोमर, वीर सिंह अहिरवार, प्रमेश रैकवार और नरेंद्र कुशवाहा के मार्गदर्शन में किया गया. ब्लॉक खेल समन्वयक सुभाष रैकवार ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और स्कूल संस्थाओं का आभार व्यक्त किया. द्वितीय चरण की जिला स्तरीय चयन स्पर्धा 16 एवं 17 जनवरी 2026 को मंडीदीप, रायसेन और सिलवानी में आयोजित होगी.

### भागवत कथा : प्रभु से बढ़कर कोई सुख और संपत्ति नहीं

**सिलवानी.** ग्राम पंचायत सिंगपुरी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन संपन्न हुआ. कथा वाचक पंडित रेवाशंकर शास्त्री ने अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म वृतांत का वर्णन किया. उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है और इसे सुनने से जीवन में श्रीकृष्ण की प्राप्ति संभव है. शास्त्री ने बताया कि मनुष्य जीवन सांसारिक भोग के लिए नहीं, बल्कि कृष्णभक्ति के लिए है. जीवन में प्रभु से बढ़कर कोई सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है. भागवत कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं को प्यासे बनकर, कुछ सीखने और प्राप्त करने के उद्देश्य से आना चाहिए.

**जनसुनवाई** ▶ कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना

# कलेक्टर ने समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, 13 जनवरी. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया. कलेक्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित प्रत्येक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए.**



कुछ मामलों में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं का निराकरण तुरंत करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया. वहीं, अन्य तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निर्देशित किया.

जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय, जिला अधिकारी और अनुभागीय अधिकारियों सहित एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में भाग लेकर समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया को शीघ्र और प्रभावी बनाने में सहयोग कर रहे थे.

कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य सीधे नागरिकों से संवाद करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है. उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें और उन्हें निरंतर जानकारी प्रदान करें. जनसुनवाई में नागरिकों ने कलेक्टर और अधिकारियों की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की बैठकों से उनके मुद्दों का समाधान जल्दी और पारदर्शी ढंग से होता है.

### आदतन अपराधियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के अंतर्गत आदतन अपराधियों को नियमित रूप से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित होने के आदेश दिए हैं. निर्देश के अनुसार, आरोपी मंगल सिंह दांगी निवासी ग्राम गोरखी, थाना सुल्तानगंज, रायसेन को आगामी तीन माह तक हर बुधवार तहसील बेगमगंज में उपस्थिति दर्ज करानी होगी. आरोपी पर 16 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं और वह वर्ष 2007 से अपराधों में लिप्त है. इसी तरह, आरोपी रितिक घोषी निवासी घोषी मोहल्ला बेगमगंज और पवन राजपूत निवासी ग्राम निवाड़ी हाल, कस्बा उदयपुरा को आगामी तीन माह तक हर शुक्रवार तहसील बेगमगंज और तहसील उदयपुरा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं. आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित थाना प्रभारी नियमानुसार कार्यवाही करेंगे.